खुशखबरी

पोकरण-फलसूंड-बालोतरा-सिवाना लिफ्ट योजना से मिलेगा मीठा पानी

मुख्यमंत्री आज करेंगे योजना का लोकार्पण

भास्कर न्यूज. जैसलमेर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिले की दो दिवसीय यात्रा पर रविवार शाम 5 बजे पोकरण आ रहे है। मुख्यमंत्री गहलोत रविवार को शाम 5 बजे पोकरण-फ लसूण्ड-सिवाना लिफ्ट पेयजल परियोजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 357.11 करोड़ लागत की नाचना से बीलिया तक मुख्य ट्रांसमिशन पेयजल परियोजना का लोकार्पण करेंगे।

पेयजल परियोजना का करेंगे शिलान्यास

मुख्यमंत्री गहलोत रविवार को पोकरण-फ लसूण्ड-बालोतरा-सिवाना लिफ्ट पेयजल परियोजना के अंतर्गत 117.90 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई पोकरण तहसील के 77 गांवों तथा 176.02 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत की गई तहसील पोकरण के 106 गांवों की कलस्टर पेजयल परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री 248.30 करोड़ रुपए लागत की स्वीकृत बीलिया (पोकरण) से संतरा भाखरी तक पेयजल ट्रांसमिशन मेन परियोजना की आधार शिला के साथ शिलान्यास करेंगे। समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृति मंत्री चंद्रेश कुमारी कटोच करेगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ऊर्जा एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, राजस्व एवं जन संसाधन मंत्री हेमाराम चौधरी होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि बाड़मेर सांसद हरीश चौधरी, पोकरण विधायक शाले मोहम्मद, जिला प्रमुख अब्दुला फ कीर एवं पंचायत समिति सांकडा के प्रधान वहीदुल्ला मेहर होंगे।

पोकरण. उद्घाटन के लिए तैयार बीलिया स्थित हैडवर्क्स।

शिलान्यास की तैयारियां पूर्ण

कलेक्टर एन.एल. मीना ने बताया कि मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम पोकरण में करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत की रविवार को पोकरण एवं सोमवार को सगरा-भोजका तथा जैसलमेर की यात्रा के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर दी गई है। उन्होंने बताया कि समारोह स्थलों पर टेंट-छाया-पानी अन्य सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

एसपी हेमंत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा के लिए क़ानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कडे बंदोबस्त कर दिए गए है तथा पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

व्यवस्थाओं का लिया जायजा

शनिवार को कलेक्टर एनएल मीना, एसपी हेमंत शर्मा ने सगरा भोजका खजूर फ ार्म हाउस पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खजूर केन्द्र के शिलान्यास, पोकरण-बीलिया, लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह के लिए की गई तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया एवं सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोकरण में आयोजित सभा स्थल का भी जायजा लिया एवं सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। एडीएम मानाराम पटेल, उपखण्ड अधिकारी पोकरण सी.एम वर्मा भी साथ में थे।अधीक्षण अभियंता पोकरण, फ लसूण्ड परियोजना आई.सी जैन एवं अधिशासी अभियंता दिनेश नागौरी ने समारोह के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी।

सगरा भोजका में करेंगे शिलान्यास

कलेक्टर मीना ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत सोमवार, को सुबह 9 बजे पोकरण से प्रस्थान कर 10:30 बजे सगरा भोजका पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री गहलोत 1 करोड़ 52 लाख रुपए से निर्माणाधीन सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस खजूर उत्पादन केन्द्र'' का विधिवत शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 12 बजे जैसलमेर पहुंचेंगे एवं कांग्रेस भवन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को दोपहर 12:30 बजे राजकीय वायुयान से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Dainik Bhasker - 01-03-13